Patrika (Indore), 28th May 2026, Page-04

आइआइटी इंदौर में संस्कृति और सीख का सफर

झारखंड के युवाओं ने देखा इंदौर का 'रंग'

इंदौर @ पत्रिका. देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं को एक-दूसरे की संस्कृति, परंपरा और विकास मॉडल से जोड़ने वाली केंद्र सरकार की पहल 'युवा संगम' के तहत झारखंड से आए युवा प्रतिनिधियों का दल बुधवार को आइआइटी इंदौर पहुंचा, जिनका पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। झारखंड से आए इस दल में 24 पुरूष और 13 महिला प्रतिनिधि शामिल हैं। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मप्र और झारखंड को साझेदार राज्य बनाया गया है। पहले दिन प्रतिनिधियों को शहर की पहचान बने कई प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया गया। युवाओं ने नगर निगम के रि-साइकल सेंटर, इंद्र भवन, 56 दुकान, लालबाग और राजबाड़ा का दौरा किया। आयोजकों के अनुसार आने वाले दिनों में प्रतिनिधियों को महेश्वर, उज्जैन, पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र और मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेली कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग भी ले जाया जाएगा। इस दौरान उन्हें मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, औद्योगिक विकास और शैक्षणिक संस्थानों की जानकारी दी जाएगी।